सामाजिक संस्था सृजन एक सोच ने गांवों में मोबाइलयान भेज उपचार किया

(आज समचार सेवा)

घाटमपुर, 27 नवम्बर। सामाजित संस्था सृजन एक सोच के द्वारा अपने द्वारा दिये वचन के अनुरूप घाटमपुर के यमुना पट्टी गांवों समुही, भटपुरवा आदि में मोबाइलयान भेज लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाओं का वितरण व इलाज कराया गया। ब्लाक घाटमपुर के गांव समुही भटपुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका तिवारी की पहल पर सृजन एक सोच सामाजिक संस्था जिसके द्वारा यहां के विद्यालय का जीर्णोद्धार कराया गया और सीएचसी घाटमपुर तथा कोरोना पीड़ित परिवारों को मदद के साथ ही अन्य सामाजिक कार्यों में सहयोग प्रदान किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने विगत दिनों हुये कार्यक्रम में यहां के लोगों को मोबाइलयान उपलब्ध कराये जाने की बात कही थी उसी के क्रम में विगत दो दिनों से उक्त यान में उपस्थित डाक्टरों के द्वारा असवारमऊ व समुही के सौ लोगों तथा भटपुरवा के 110 लोगों का स्वास्थ्य का परीक्षण कर उनका इलाज करते हुये निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। विद्यालय के सभी बच्चों का परीक्षण कर जरूरी सलाह दी गयी। संस्था के प्रभात सक्सेना ने बताया कि संस्था का उदेश्य है कि प्राथमिक उपचार के लिये ग्रामीणों को जूझना न पड़े। इस अवसर पर शरद तिवारी, प्रियंका तिवारी, डा.ओ.पी. गुप्ता, आयुष प्रजापति, सुरजन सिंह, ओम प्रजापति, महाबीर निषाद, दीपेश प्रजापति, हिमांशु प्रजापति, धर्मेन्द्र आदि मौजूद रहे।

समुही भटपुरवा में मोबाइलयान पर इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी।